# आईसीएमआर – राष्ट्रीय कैंसर रोकथाम एवं अनुसंधान संस्थान
## आई-7, सेक्टर-39, नोएडा, उत्तर प्रदेश – 201301

**(वेबसाइट: https://nicpr.icmr.org.in)**

संख्या: **NICPR/YPRecruitment(F&A)/2026/**521 दिनांक: 07/07/2026

**आईसीएमआर-एनआईसीपीआर, नोएडा में यंग प्रोफेशनल की नियुक्ति हेतु विज्ञापन**

आईसीएमआर – राष्ट्रीय कैंसर रोकथाम एवं अनुसंधान संस्थान (**NICPR**), नोएडा में निम्नलिखित पद पर यंग प्रोफेशनल की नियुक्ति हेतु वॉक-इन-इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा :

| क्रम संख्या | पद का नाम | पदों की संख्या | साक्षात्कार की तिथि |
|---|---|---|---|
| **01** | यंग प्रोफेशनल-**III** (वित्त एवं लेखा) | **01** | **31 जुलाई 2026** |

1. "वॉक-इन-इंटरव्यू" आईसीएमआर-एनआईसीपीआर, आई-**7**, सेक्टर-**39**, नोएडा (उ.प्र.) में आयोजित किया जाएगा।
2. इच्छुक अभ्यर्थियों को अपनी सहभागिता की इच्छा व्यक्त करने हेतु निर्धारित गूगल फॉर्म पर **27 जुलाई 2026** तक पंजीकरण कराना होगा।
3. पंजीकरण एवं दस्तावेज सत्यापन का समय प्रातः **9:00** बजे से **10:00** बजे तक रहेगा। चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति आईसीएमआर-एनआईसीपीआर, नोएडा में की जाएगी।
4. आयु सीमा: साक्षात्कार की तिथि के अनुसार यंग प्रोफेशनल-**III** हेतु अधिकतम आयु **40** वर्ष।
5. **यंग प्रोफेशनल-III (वित्त एवं लेखा)**

**आवश्यक शैक्षणिक योग्यता**

- मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/महाविद्यालय से न्यूनतम **55%** अंकों के साथ एम.कॉम./एमबीए अथवा
- सीए (इंटर), आईसीडब्ल्यूए (इंटर) या सीएस (इंटर)
- संबंधित क्षेत्र में न्यूनतम **05** वर्ष का अनुभव।

**वांछनीय योग्यता**

- आईटी अनुप्रयोगों का ज्ञान
- वर्चुअल मीटिंग प्लेटफॉर्म का अनुभव
- कंप्यूटर दक्षता (**MS Word, Excel, PowerPoint, Tally** आदि)

6. **मानदेय** - यंग प्रोफेशनल-**III** को **₹50,000/-** प्रतिमाह का समेकित मानदेय देय होगा। किसी प्रकार का मकान किराया भत्ता (**HRA**) देय नहीं होगा।

7. **नियुक्ति अवधि-** प्रारंभिक नियुक्ति एक वर्ष के लिए होगी**,** जिसे संगठन की आवश्यकता एवं संतोषजनक कार्य प्रदर्शन के आधार पर बढ़ाया जा सकता है।

8. कार्य समय एनआईसीपीआर के नियमित कर्मचारियों के समान होगा। कार्यालय समय के अतिरिक्त कार्य हेतु कोई अतिरिक्त लाभ नहीं दिया जाएगा। बिना वैध कारण के लगातार **08** दिन अनुपस्थित रहने पर नियुक्ति स्वतः समाप्त मानी जाएगी।

9. यंग प्रोफेशनल संबंधी सभी नियम एवं शर्तें आईसीएमआर दिशा-निर्देश संख्या **16/84/2023-Admn.II/e-file-171470** दिनांक **08.05.2026** के अनुसार लागू होंगी।

10. **कार्य का दायरा**

**(i) यंग प्रोफेशनल-III (वित्त एवं लेखा)**

- बिलों की जांच (**Scrutiny of Bills)**
- बैंक समन्वयन (**Bank Reconciliation)**
- डेटा प्रबंधन
- लेखांकन सॉफ्टवेयर का संचालन
- **GeM** पोर्टल कार्य
- आयकर एवं **GST** संबंधित कार्य
- वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा समय-समय पर सौंपे गए अन्य कार्य

11. **नियम एवं शर्तें:**

1. अभ्यर्थियों की पात्रता गूगल फॉर्म में उपलब्ध कराई गई जानकारी के आधार पर जांची जाएगी तथा पात्र अभ्यर्थियों की सूची केवल एनआईसीपीआर की वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाएगी। दस्तावेज सत्यापन के उपरांत पात्र अभ्यर्थियों का साक्षात्कार निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित किया जाएगा। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

2. यदि किसी पद के लिए 30 से अधिक अभ्यर्थी उपस्थित होते हैं, तो पहले लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। लिखित परीक्षा के आधार पर 1:10 के अनुपात में अभ्यर्थियों को साक्षात्कार/व्यक्तिगत चर्चा हेतु चयनित किया जाएगा। अंतिम चयन **केवल** साक्षात्कार/व्यक्तिगत चर्चा के प्रदर्शन के आधार पर होगा।

3. इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप (परिशिष्ट-I) में आवेदन पत्र भरकर, आवश्यक दस्तावेजों सहित निर्धारित तिथि को वॉक-इन-इंटरव्यू/व्यक्तिगत चर्चा में उपस्थित हो सकते हैं।

4. अपूर्ण आवेदन, निर्धारित प्रारूप में न होने वाले आवेदन तथा आवश्यक दस्तावेजों के बिना प्रस्तुत आवेदन अस्वीकार कर दिए जाएंगे। योग्यता एवं अनुभव संबंधित विषय/क्षेत्र में तथा मान्यता प्राप्त संस्थान/संगठन से होना चाहिए।

5. अनुभव की गणना न्यूनतम आवश्यक शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने की तिथि से की जाएगी।

6. साक्षात्कार/व्यक्तिगत चर्चा की प्रक्रिया के दौरान गलत अथवा भ्रामक जानकारी देने पर अभ्यर्थिता किसी भी चरण में निरस्त की जा सकती है।

7. निदेशक, एनआईसीपीआर आवश्यकता के अनुसार रिक्तियों की संख्या बढ़ाने या घटाने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

8. निदेशक, एनआईसीपीआर के पास विज्ञापित पद को भरने अथवा न भरने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

9. यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी एवं संविदा आधारित है। भविष्य निधि, अवकाश यात्रा रियायत, चिकित्सा प्रतिपूर्ति आदि का कोई लाभ देय नहीं होगा।

10. सरकारी मान्यता प्राप्त संस्थानों/संगठनों में कार्यरत अनुभवी एवं दक्ष व्यक्तियों को आयु सीमा में छूट आईसीएमआर के दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रदान की जाएगी।

11. आयु सीमा एवं अनुभव की गणना साक्षात्कार/व्यक्तिगत चर्चा की तिथि के अनुसार की जाएगी।

12. वॉक-इन-इंटरव्यू/व्यक्तिगत चर्चा/लिखित परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए कोई यात्रा भत्ता अथवा दैनिक भत्ता देय नहीं होगा।

13. केवल आवश्यक योग्यता एवं अनुभव पूर्ण करने मात्र से चयन का अधिकार प्राप्त नहीं होगा।

14. केंद्र/राज्य सरकार/स्वायत्त विभाग/सार्वजनिक उपक्रम में नियमित सेवा कर रहे अभ्यर्थी आवेदन न करें।

15. चयनित अभ्यर्थियों को आईसीएमआर के दिशा-निर्देशों के अनुसार अवकाश प्रदान किया जाएगा।

16. सभी पद पूर्णतः संविदा आधारित हैं।

17. चयनित अभ्यर्थियों को आईसीएमआर, आईसीएमआर-एनआईसीपीआर अथवा किसी अन्य परियोजना में स्थायी नियुक्ति अथवा सेवा निरंतरता का कोई अधिकार प्राप्त नहीं होगा।

18. किसी भी प्रकार की अनुचित सिफारिश अथवा प्रभाव डालने का प्रयास अभ्यर्थी की अयोग्यता माना जाएगा तथा उसे चयन प्रक्रिया से वंचित कर दिया जाएगा।

19. वॉक-इन-इंटरव्यू/व्यक्तिगत चर्चा में उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को निम्नलिखित मूल दस्तावेज तथा उनकी स्वयं प्रमाणित प्रतियां साथ लानी होंगी :-

    (1) शैक्षणिक प्रमाण पत्र, (2) जन्मतिथि का प्रमाण, (3) अनुभव प्रमाण पत्र, (4) पहचान पत्र (आधार/पैन/मतदाता पहचान पत्र/ड्राइविंग लाइसेंस आदि), (5) आरक्षण प्रमाण पत्र (यदि लागू हो), (6) एक नवीन पासपोर्ट आकार का स्वयं प्रमाणित फोटो, (7) सभी दस्तावेजों की स्वयं प्रमाणित प्रतियां, (8) सत्यापन हेतु सभी मूल प्रमाण पत्र

20. निर्धारित तिथि एवं समय के बाद उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार/व्यक्तिगत चर्चा/लिखित परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

21. किसी भी प्रकार का संशोधन/शुद्धिपत्र केवल वेबसाइटों पर प्रकाशित किया जाएगा:
    https://www.icmr.gov.in एवं https://nicpr.org

22. विज्ञापन एवं आवेदन पत्र निम्न वेबसाइटों पर उपलब्ध हैं:
    https://nicpr.org/career/ एवं https://www.icmr.gov.in

23. **हिंदी एवं अंग्रेजी संस्करणों में किसी प्रकार का अंतर होने की स्थिति में अंग्रेजी संस्करण एवं उसमें दिए गए निर्देश मान्य होंगे।**

Sd/-

**निदेशक**
**आईसीएमआर-एनआईसीपीआर**

आईसीएमआर-एनआईसीपीआर की वेबसाइट पर दिनांक ........................................ को प्रकाशित।